महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट बनेगा इंटीग्रेटेड एविएशन हब

चर्चा में क्यों?

- 21 सितंबर, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सिविल एविएशन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में बताया कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट को इंटीग्रेटेड एविएशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हिसार में 3200 एकड़ में मैन्युफैक्चरिंग हब (आईएमसी) बनाया जाएगा।
- हिसार हवाई अड्डे की नई टर्मिनल बिल्डिंग वर्ष 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगी। इस टर्मिनल बिल्डिंग की कैपेसिटी 2.1 मिलियन पैसेंजर प्रति वर्ष की होगी।
- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसके टेंडर को तैयार कर लिया है, जो एक दिसंबर 2023 को जारी कर दिया जाएगा। यहाँ 100 से 200 पायलट का प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
- बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह भी जानकारी दी कि गुरुग्राम ज़िले के पातली हाज़ीपुर में फ्लिपकार्ट कंपनी एशिया का सबसे बड़ा वेयरहाउस बनाएगी। यह वेयरहाउस 140 एकड़ में सात मंजिला होगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maharaja-agrasen-arport-will-become-integrated-aviation-hub